प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 19.06.2026 समय : 01:00 पी.एम.

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में **पीएम विकसित भारत रोजगार योजना** के तहत **लाभार्थियों को** लगभग 2 हजार 400 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित करेंगे। अगस्त 2025 में शुरू हुई इस योजना से अब तक 63 लाख से अधिक लोग औपचारिक कार्यबल से जुड़ चुके हैं, जिनमें करीब 30 प्रतिशत महिलाएं शामिल हैं। आज के कार्यक्रम के दौरान 15 लाख से अधिक लाभार्थियों को क्ठज के माध्यम से राशि सीधे उनके बैंक खाते में ट्रांसफर की जायेगी। इस योजना के तहत पहली बार सरकारी नौकरी पाने वाले युवाओं को दो किस्तों में 15 हजार रुपये तक की प्रोत्साहन राशि मिलेगी। इस अवसर पर देशभर में 200 स्थानों पर समानांतर क्षेत्रीय कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। राज्य में जयपुर सहित सात स्थानों पर इन विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

00000

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज अपने आवास पर विश्व योगासन चैम्पियनशिप के पदक विजेताओं के साथ योगाभ्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और आमजन से स्वस्थ जीवन के लिए योग को अपनी दिनचर्या में अनिवार्य रूप से शामिल करने की अपील की। गौरतलब है कि अहमदाबाद में आयोजित पहली विश्व योगासन चैम्पियनशिप में राजस्थान के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के लिए कुल 10 पदक जीते हैं। इन पदकों में 9 स्वर्ण और 1 रजत पदक शामिल हैं।

00000

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव 21 जून को बीकानेर और जयपुर प्रवास पर रहेंगे। श्री वैष्णव रविवार सुबह बीकानेर पहुंचेंगे, जहां वे करणी सिंह स्टेडियम में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके बाद वे बीकानेर के लालगढ़ से गुजरात के साबरमती के लिये नई रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। दोपहर में केंद्रीय मंत्री जयपुर पंहुचेंगे।

वे खातीपुरा रेलवे स्टेशन पर मेगा कोचिंग टर्मिनल का उद्घाटन करेंगे तथा राजस्थान के विभिन्न स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं का लोकार्पण करेंगे। श्री वैष्णव **जयपुर दरभंगा अमृत भारत ट्रेन** को भी रवाना करेंगे।

00000

भारत का एलएनजी टैंकर 'दिशा' होर्मुज जलडमरूमध्य को पार करने के बाद गुजरात के दहेज बंदरगाह पर सफलतापूर्वक पहुंच गया है। यह कतर के रस लाफान टर्मिनल से 62 हजार 370 मीट्रिक टन द्रवीकृत प्राकृतिक गैस लेकर आया है। यह पोत आज सवेरे दहेज एलएनजी टर्मिनल पर पहुंचा। यह कार्गो पश्चिम एशिया में भू–राजनीतिक तनाव के बीच देश भर में एलएनजी की उपलब्धता को मजबूत करेगा और स्थिर ऊर्जा आपूर्ति को सुनिश्चित करेगा।

00000

सरहदी जिले जैसलमेर के सीमावर्ती गांवों का सुरक्षा के मद्देनजर व्यापक सर्वेक्षण किया जाएगा। इस सर्वेक्षण का उद्देश्य क्षेत्र की वास्तविक स्थिति का आकलन कर प्रशासनिक और सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाना है। जिला कलेक्टर अनुपमा जोरवाल ने बताया कि सीमा से 50 किलोमीटर के दायरे में आने वाले सभी राजस्व गांवों और ग्राम पंचायतों में यह विशेष सर्वे कराया जाएगा। सर्वे के दौरान एक विशेष डेटाबेस तैयार किया जाएगा, जो भविष्य की विकास योजनाओं का मुख्य आधार बनेगा।

....

00000

29वां राष्ट्रीय ई–गवर्नेंस सम्मेलन 1 और 2 जुलाई को जयपुर में आयाजित किया जाएगा। इस आयोजन की तैयारियों को लेकर कल शासन सचिवालय में समीक्षा बैठक हुई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई इस बैठक में मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने अधिकारियों को सभी तैयारियां तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए।

00000